हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

बुलेटिन-भाग-2

(संसदीय एवं अन्य विषयों सम्बन्धी सामान्य सूचना)

शुक्रवार, 3 फरवरी, 2017/14 माघ, 1938 (शक्)

संख्या : 421

गैर-सरकारी सदस्य कार्य

वीरवार, 9 मार्च, 2017 तथा वीरवार, 6 अप्रैल, 2017 गैर-सरकारी सदस्यों के कार्य निष्पादन हेतु रखे गए हैं।

गैर-सरकारी सदस्यों का कार्य (विधेयक एवं संकल्प) निष्पादन किये जाने के लिए शलाका (बैलॅट) क्रमशः वीरवार, 2 मार्च, 2017 तथा वीरवार, 30 मार्च, 2017 को सायं काल 4.30 बजे होगी। इस विषय में माननीय सदस्यों का ध्यान ''अध्यक्ष द्वारा जारी निर्देशों के अध्याय-3'' तथा ''हिमाचल प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली, 1973'' के अध्याय-13 की ओर आकर्षित किया जाता है। अगर कोई सदस्य गैर-सरकारी संकल्प प्रस्तुत करना चाहता हो तो वह शलाका (बैलॅट) की तिथि से कम से कम एक दिन पहले संकल्प के मूल पाठ सहित इस आशय की सूचना देगा।

सचिव,
हिमाचल प्रदेश विधान सभा।